शब्दबाणों का प्रहार

# राष्ट्रबाण

मध्य भारत का सबसे लोकप्रिय अखबार

सिवनी

संपादक : संजय बघेल




गुरुवार 28 मई 2026 | E-PAPER: www.rashtrabaan.in ● वर्ष : 11 ● अंक : 26 ● पृष्ठ : 06 ● मूल्य : 5.00 रुपए | www.facebook.com/rashtrabaan | www.twitter.com/rashtrabaan

## न्यूज ब्रीफ

### प्रधानमंत्री से दिल्ली में तमिलनाडु सीएम विजय ने मुलाकात की

**नईदिल्ली।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री सी. जोसेफ विजय ने बुधवार को नई दिल्ली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की। मुख्यमंत्री बनने के बाद विजय की प्रधानमंत्री के साथ यह पहली औपचारिक बैठक है। 10 मई को अङ्कच चीफ विजय ने तमिलनाडु की मुख्यमंत्री पद की शपथ ली थी।

### रक्षा मंत्रालय ने 5वीं पीढ़ी के विमान के लिए रिक्वेस्ट की

**नईदिल्ली।** रक्षा मंत्रालय ने स्वदेशी पांचवीं पीढ़ी के लड़ाकू विमान एडवांस्ड मीडियम कॉम्बैट एयरक्राफ्ट प्रोजेक्ट के लिए मंगलवार को रिक्वेस्ट फॉर प्रपोजल जारी कर दिया। यह भारत के सबसे बड़े स्वदेशी फाइटर जेट प्रोजेक्ट्स में से एक माना जा रहा है। रक्षा अधिकारियों के मुताबिक यह प्रस्ताव तीन शॉर्टलिस्ट किए गए बोलीदाताओं को भेजा गया है। इनमें लार्सन एंड टुब्रो-भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, टाटा एडवांस्ड सिस्टम्स और भारत फोर्ज-बीईएमएल शामिल हैं।

### असम में यूसीसी बिल पास, बहुविवाह पर रोक लगी

**दिसपुर।** असम विधानसभा ने बुधवार को यूनिफॉर्म सिविल कोड बिल पास कर दिया। इसके तहत शादी, तलाक, उत्तराधिकार और लिव-इन रिलेशनशिप जैसे मामलों में सभी धर्मों के लिए एक समान कानून लागू होगा। इस बिल के पास होने के बाद असम, उत्तराखंड और गुजरात के बाद यूसीसी कानून पारित करने वाला तीसरा राज्य बन गया है।

### सैन फ्रांसिस्को जा रही फ्लाइट रास्ते से दिल्ली लौटी

**नईदिल्ली।** दिल्ली से सैन फ्रांसिस्को जा रहा बोइंग 777-300 प्लेन तकनीकी खराबी के कारण दिल्ली वापस लौटा। घटना बुधवार सुबह की है। विमान में 230 यात्री-क्रू सवाल थे। एयरलाइन के मुताबिक फ्लाइट एआई - 173 को सुरक्षित लैंड कराया गया। उसकी तकनीकी जांच होगी।

**राष्ट्रबाण**

अगर आपको नहीं मिल रहा है आपका लोकप्रिय अखबार राष्ट्रबाण तो आज ही अपने हॉकर से बोलिए या हमे कॉल कीजिए

सिर्फ 100 रुपए महीना

संपर्क : 7000427433

# प्री-मानसून बारिश 29 मई से 5 जून तक संभव

90% भारत कवर करेगी; केरल में नमी कम होने से अटका मानसून, यूपी के बांदा में पारा 47.4डिग्री

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

**तेज** गर्मी से जूझ रहे देश के 80-90% हिस्से में 29 मई से 5 जून तक प्री-मानसून बारिश हो सकती है। यह बारिश इसलिए अहम है, क्योंकि मानसून अभी केरल नहीं पहुंचा है। यहां 14 तय स्टेशनों में लगातार दो दिन 2.5 एमएम बारिश होने पर मानसून पहुंचने का ऐलान किया जाता है।

मौसम विभाग ने 26 मई को मानसून पहुंचने का अनुमान लगाया था, लेकिन यहां नमी कमजोर होने से मानसून आगे नहीं बढ़ पाया है। वहीं, दक्षिण-मध्य अरब सागर में चक्रवाती सर्कुलेशन से भी बादल कमजोर हुए हैं।

यूरोप की मौसम एजेंसी यूरोपियन सेंटर फॉर मीडियम-रेंज वेदर फोरकास्ट्स ने सैटेलाइट, समुद्री और वायुमंडलीय डेटा को मिलाकर भारत में 15 दिनों की बारिश का पूर्वानुमान निकाला है। इसमें अगले 8 दिनों में दक्षिण भारत, पूर्वी भारत, पूर्वोत्तर और बंगाल की खाड़ी के इलाकों में ज्यादा बारिश के संकेत हैं।

### 16 शहरों में पारा 44डिग्री पार, खजुराहो सबसे गर्म



एमपी में नौतपा के शुरुआती 2 दिन आंधी-बारिश का दौर रहा। वहीं, 28 मई से लगातार 3 दिन तक प्रदेश के अधिकांश हिस्से में बारिश होने का अलर्ट है। भोपाल के मौसम केंद्र की मानें तो यह प्री-मानसून की दस्तक है। 10 से 16 जून के बाद प्रदेश में मानसून एंट्री कर सकता है। खजुराहो समेत 16 शहरों में पारा 44डिग्री पार निकल गया।

### उत्तर प्रदेश का बांदा में 47.4डिग्री पारा

**उत्तर** प्रदेश का बांदा एक बार फिर मंगलवार को देश का सबसे गर्म शहर रहा। यहां पारा 47.4डिग्री पहुंच गया। लगातार नवें दिन यहां तापमान 47डिग्री के पार पहुंचा। बांदा के अलावा उत्तर प्रदेश के पांच और जिलों में तापमान 45डिग्री से ज्यादा रहा, इनमें उरई 45.8डिग्री, झांसी 45.5डिग्री, प्रयागराज 45.4डिग्री, आगरा 45.3डिग्री और हमीरपुर 45.2डिग्री शामिल हैं। राजस्थान का श्रीगंगानगर 47डिग्री तापमान के साथ देश का दूसरा सबसे गर्म शहर रहा। बीकानेर और फलोदी में अधिकतम तापमान 46डिग्री रहा। जैसलमेर में 45.6डिग्री और कोटा में 45.4डिग्री रहा। जयपुर में भी 43.2डिग्री था। महाराष्ट्र के कई जिलों में भी तापमान 45डिग्री से ऊपर पहुंच गया। ब्रह्मपुरी में पारा 46.6डिग्री पहुंचा, जो सामान्य से 3.5डिग्री था। इसके अलावा चंद्रपुर में 46.4डिग्री, वर्धा में 46डिग्री, नागपुर के सोनेगांव में 45.5डिग्री और गोंदिया में 45.2डिग्री रहा। हरियाणा में सिरसा 46डिग्री, रोहतक में 45.6डिग्री और पंजाब के बठिंडा में 45.8 तक पहुंचा। दिल्ली में भी अधिकतम तापमान 43.5डिग्री रहा, जो सामान्य से 3.1डिग्री ज्यादा था।

### राजस्थान: आज से बारिश का अलर्ट, पारा फिर 47डिग्री

राजस्थान में मौसम विभाग ने 27 मई को 5 जिलों में गर्मी का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, 28 मई से 30 मई तक बारिश का यलो अलर्ट जारी किया गया है। श्रीगंगानगर में तापमान 47 डिग्री सेल्सियस पर पहुंच गया। वहीं, बीकानेर, जैसलमेर, फलोदी, कोटा समेत कई जिले मंगलवार सीवियर हीटवेव की चपेट में रहे।

# ईरान बोला- अमेरिका से समझौते का ड्राफ्ट तैयार

एक महीने के भीतर होर्मुज में दोबारा शिपिंग शुरू होगी, अमेरिका नौसैनिक घेराबंदी हटाएगा

राष्ट्रबाण | तेल अवीव | एजेंसी | rashtrabaan.in

**ईरान** ने दावा किया है कि अमेरिका के साथ संभावित समझौते का शुरुआती ड्राफ्ट तैयार हो गया है। रॉयटर्स के मुताबिक ईरान के सरकारी टीवी ने एक शुरुआती और अनौपचारिक दस्तावेज मिलने का दावा किया है, जिसमें अमेरिका-ईरान समझौते का ढांचा तैयार किया गया है।

ड्राफ्ट के अनुसार अमेरिका ईरान के आसपास से अपनी सैन्य मौजूदगी हटाएगा और नौसैनिक घेराबंदी खत्म करेगा। इसके बदले ईरान 30 दिनों के भीतर होर्मुज स्ट्रेट में व्यावसायिक जहाजों की आवाजाही को युद्ध से पहले के स्तर पर बहाल करेगा। रिपोर्ट में कहा गया है कि यह व्यवस्था अमेरिकी सैन्य जहाजों पर लागू नहीं होगी। होर्मुज में जहाजों की आवाजाही का प्रबंधन ईरान और ओमान मिलकर करेंगे। ईरानी सरकारी मीडिया ने यह भी कहा कि समझौते का ड्राफ्ट अभी फाइनल नहीं है और बिना ठोस गारंटी के ईरान आगे नहीं बढ़ेगा।

होर्मुज स्ट्रेट दुनिया के सबसे अहम तेल व्यापार मार्गों में शामिल है। हालिया संघर्ष के दौरान यहां समुद्री सुरक्षा और तेल सप्लाई को लेकर वैश्विक चिंता बढ़ गई थी।



### ईरान बोला- अमेरिका के साथ डील का ड्राफ्ट तैयार

ईरान ने दावा किया है कि अमेरिका के साथ युद्ध खत्म करने को लेकर संभावित समझौते का शुरुआती ड्राफ्ट तैयार हो गया है। ईरान के सरकारी टीवी के मुताबिक दोनों देशों के बीच एक अनौपचारिक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग का शुरुआती ढांचा तैयार किया गया है। ड्राफ्ट के अनुसार ईरान एक महीने के भीतर होर्मुज स्ट्रेट में कमर्शियल शिपिंग को युद्ध से पहले के स्तर पर बहाल करेगा। इसके बदले अमेरिका ईरान के आसपास से अपनी सैन्य मौजूदगी कम करेगा और नौसैनिक घेराबंदी हटाएगा। होर्मुज स्टेट दुनिया के सबसे अहम तेल व्यापार मार्गों में शामिल है। हालिया संघर्ष के दौरान यहां जहाजों की आवाजाही और तेल सप्लाई को लेकर वैश्विक चिंता बढ़ गई थी।

### इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में लोगों से इलाके खाली करने को कहा

इजराइली सेना ने दक्षिणी लेबनान और पूर्वी बेका वैली के कई इलाकों के लोगों को तुरंत इलाके खाली करने को कहा है। यह चेतावनी ऐसे समय जारी की गई है, जब इजराइल और हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष लगातार तेज हो रहा है। अल जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक इजराइली सेना ने कफर हूना, अरामताह, मलिख, जरजू और हुमिन अल-फौका कस्बों के निवासियों के लिए नए विस्थापन आदेश जारी किए हैं। इससे कुछ घंटे पहले दक्षिणी लेबनान के नबातियेह शहर के लोगों को भी इलाका छोड़ने की चेतावनी दी गई थी।

# विजयन समर्थकों ने ईडी की टीम पर किया हमला



लाठी-पत्थर बरसाए, गाड़ी तोड़ी; पूर्व केरलम सीएम की बेटी पर मनी लॉन्ड्रिंग का आरोप

राष्ट्रबाण | तिरुवनंतपुरम | एजेंसी | rashtrabaan.in

**केरलम** के पूर्व मुख्यमंत्री पिनारई विजयन के समर्थकों ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की टीम पर हमला किया। ईडी की 12 सदस्यीय टीम बुधवार सुबह 7 बजे तिरुवनंतपुरम के बेकरी जंक्शन स्थित विजयन के घर समेत 10 ठिकानों पर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में रेड करने पहुंची थी।

यह विजयन का किराए वाला घर है। रेड के दौरान विजयन और उनका परिवार घर में मौजूद था। जैसे ही यह खबर फैली तो विजयन के समर्थक उनके घर के बाहर जुटने लगे। दोपहर करीब 2 बजे टीम बाहर निकली तो सीपीआई कार्यकर्ताओं ने घेर लिया। भीड़ ने अधिकारियों की गाड़ियों पर पत्थर और बोतलें फेंकी।

ईडी की रेड पर पिनाराई विजयन का बयान सामने आया। उन्होंने कहा- काफी समय से ईडी मेरे घर की तलाशी लेना चाहती थी। मुझे लगता है कि इस तलाशी से कुछ लोगों को खासकर राहुल गांधी जैसे किसी व्यक्ति को बहुत संतुष्टि मिलेगी।

# कच्छ से 1180 करोड़ की कोकीन जब्त

ब्राजील से आई खेप दिल्ली भेजने की तैयारी थी; तीन विदेशी गिरफ्तार

राष्ट्रबाण | कच्छ | एजेंसी | rashtrabaan.in

**गुजरात** में कच्छ से करीब 1180 करोड़ रुपए कीमत की 118 किलो कोकीन जब्त की गई है। इस मामले में अब तक तीन आरोपियों को अरेस्ट किया गया है। अरेस्ट किए गए तीनों ही आरोपी विदेशी हैं। गुजरात डीजीपी डॉ. केएलएन राव ने बताया कि सूचना मिलने के बाद इंडियन कोस्ट गार्ड और गुजरात एटीएस मुंद्रा पोर्ट पर एक संयुक्त ऑपरेशन चला रही थीं। इसी के तहत मंगलवार की सुबह भारतीय समुद्री सीमा से एक कंटेनर जहाज पकड़ा गया।

जहाज ब्राजील, कई लैटिन अमेरिकी देशों, मेक्सिको, अमेरिका और कराची होते हुए गुजरात के तट तक पहुंचा था। जहाज में नाइजीरिया की नागरिकता वाले दो आरोपी सवार थे, जिनमें से एक समुद्र में कूदकर फरार हो गया। पकड़े गए एक आरोपी ने बताया कि खेप दिल्ली के द्वारका में रहने वाले दो लोगों तक पहुंचाई जाने वाली थी।



इनकी पहचान क्लैविन चुकवुमा (तंजानिया का नागरिक) और ब्यारुहांगा जेम्स (युगांडा का नागरिक) के रूप में हुई है। दोनों को अरेस्ट कर लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है कि कोकीन की डिलीवरी देश में किसे और कहां होने वाली थी।

जहाज से समुद्र में फेंके जा रहे थे पैकेट गुजरात एटीएस से मिली जानकारी के मुताबिक यह जहाज मुंद्रा तट से करीब 5 नॉटिकल मील (करीब साढ़े 9 किमी) दूर लंगर डाले खड़ा था। कोस्टगार्ड ने की घंटों तक इस पर नजर रखी। इसी दौरान अधिकारियों ने देखा कि जहाज से कुछ संदिग्ध बैग समुद्र में फेंके जा रहे हैं। इसके बाद कोस्टगार्ड और ड्रग्स की संयुक्त टीम हरकत में आई और रात में ही जहाज को घेरकर अपने कब्जे में ले लिया।

जो आरोपी पकड़ाया, वो नाइजीरिया का रहने वाला एटीएस की छापेमारी में जहाज पर दो लोग मिले थे। इनमें से जुम्मा नासिर उमर नाम के एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया। यह मूल रूप से नाइजीरिया का रहने वाला है। वहीं, एक अन्य आरोपी ने समुद्र में छलांग लगा ली थी, जिसकी तलाश की जा रही है। जहाज को कच्छ पोर्ट पर लाया गया है।

# सुप्रीम कोर्ट बोला- एसआईआर अवैध नहीं

चुनाव आयोग शर्तों के साथ नागरिकता जांच सकता है; एसआईआर में 13 राज्य-टी में 7.41 करोड़ नाम कटे

राष्ट्रबाण | पटना | एजेंसी | rashtrabaan.in

**सुप्रीम** कोर्ट ने वोटर लिस्ट के स्पेशल इंटेंसिव रिविजन को वैध और संवैधानिक करार दिया है। चीफ जस्टिस सूर्यकांत की बेंच ने बुधवार को कहा कि स्ढ्ढक्रमनमाना नहीं है और चुनाव आयोग को यह प्रक्रिया चलाने का अधिकार है। कोर्ट ने कहा, चुनाव आयोग वोटर लिस्ट में नाम जोड़ने या हटाने के लिए नागरिकता की जांच कर सकता है, लेकिन यह फैसला सिर्फ चुनावी उद्देश्यों तक सीमित रहेगा। किसी व्यक्ति को अंतिम रूप से गैर-नागरिक घोषित करने का अधिकार आयोग के पास नहीं



होगा। सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि संदिग्ध नागरिकता के आधार पर जिन लोगों के नाम वोटर लिस्ट से हटाए गए हैं, उनके नाम 4 हफ्ते में केंद्र सरकार को भेजा जाए।

जून 2025 में बिहार से शुरू हुई एसआईआर प्रक्रिया अब तक 10 राज्यों और 3 केंद्र शासित प्रदेशों में पूरी हो चुकी है। इस दौरान 7.41 करोड़ वोटर्स के नाम हटाए गए, जिनमें सबसे ज्यादा 2.89 करोड़ नाम उत्तर प्रदेश से कटे। बिहार के बाद पश्चिम बंगाल, केरल, तमिलनाडु और पुडुचेरी में भी स्ढ्ढक्र कराया गया, जबकि असम में स्पेशल रिवीजन हुआ।

# ट्विशा केस- पति समर्थ सीबीआई रिमांड पर

हाईकोर्ट में सास की अग्रिम जमानत पर फैसला रिजर्व; जांच में सहयोग नहीं करने का आरोप

राष्ट्रबाण | जबलपुर | एजेंसी | rashtrabaan.in

**एक्ट्रेस** ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में एसआईटी ने आरोपी पति समर्थ सिंह को बुधवार को भोपाल कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने उसे 29 मई तक सीबीआई रिमांड पर भेज दिया। सीबीआई की टीम समर्थ को लेकर उसके घर पहुंची है। घटनास्थल का निरीक्षण किया जा रहा है।

एमपी हाईकोर्ट में रिटायर्ड जज और सास गिरिबाला सिंह की अग्रिम जमानत रद्द करने की मांग वाली याचिका पर सुनवाई हुई। कोर्ट ने सभी पक्षों को सुनने के बाद फैसला रिजर्व रख लिया है। साथ ही सीबीआई को भी मामले में



पक्षकार बनाया है।

12 मई की रात भोपाल के कटारा हिल्स में ट्विशा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहा है, जबकि मायके पक्ष ने पति और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है।

**एजी बोले- जमानत की शर्तों का बर्बरता से उल्लंघन किया:** सरकार की ओर से महाधिवक्ता प्रशांत सिंह ने कोर्ट से कहा- अदालत देख सकती है कि जमानत की शर्तों का कितनी बर्बरता से उल्लंघन किया गया। नोटिस जारी होने की तारीखें रिकॉर्ड में हैं। अदालत स्वयं उन्हें देख सकती है। तारीखों की सूची का हवाला दे रहा हूं। हम आरोपियों की तरह ट्रायल कोर्ट में अजीब सामग्री पेश नहीं कर रहे हैं।

एजी ने यह भी कहा कि मैं केवल केस डायरी में मौजूद दस्तावेज को ही पढ़ रहा हूं, ताकि अदालत को सुविधा हो। इस पर आरोपी पक्ष के वकील ने आपत्ति जताते हुए कहा- हमने यह सामग्री नहीं देखी है।

कर्नाटक कांग्रेस विधायक का दावा- कल ऐलान कर सकते हैं; शिवकुमार का सीएम बनना तय

# इस्तीफे के सवाल पर सीएम सिद्धारमैया बोले- कल बात करेंगे

राष्ट्रबाण | नईदिल्ली | एजेंसी | rashtrabaan.in

**कर्नाटक** के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया गुरुवार को इस्तीफा दे सकते हैं। न्यूज एजेंसी के मुताबिक, सिद्धारमैया ने राज्यपाल थावरचंद गहलोत से मुलाकात के लिए समय मांगा है। माना जा रहा है कि कांग्रेस अगले महीने होने वाले राज्यसभा चुनाव के बाद कर्नाटक में नेतृत्व परिवर्तन पर फैसला ले सकती है।

उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार को सीएम बन सकते हैं। इस बीच, कांग्रेस विधायक आरवी देशपांडे ने कहा, 'मुख्यमंत्री पहले ही इस्तीफा देने का फैसला कर चुके हैं। वह कल इस्तीफा दे सकते हैं। उन्होंने मुझे बताया कि मैं हाईकमान को वचन दे चुका हूं। अगला मुख्यमंत्री कौन होगा, इसका फैसला हाईकमान करेगा।' इस बीच कर्नाटक कांग्रेस इंचार्ज रणदीप सुरेजवाला बेंगलुरु पहुंच गए हैं।

**दिल्ली में राहुल-खड़गे के साथ 6 घंटे बैठक हुई**

26 मई को सिद्धारमैया और डीके शिवकुमार दिल्ली पहुंचे थे। दोनों नेताओं की मंगलवार को दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकर्जुन खड़गे और सांसद राहुल गांधी के साथ 6 घंटे तक बैठक हुई। महासचिव वेणुगोपाल ने कहा था- जो अटकलें लगाई जा रही हैं, वे सिर्फ अटकलें हैं। इनमें कोई सच्चाई नहीं है। बैठक में राज्यसभा और विधान परिषद चुनावों पर चर्चा हुई। पार्टी सूत्रों ने बताया था कि पहले सिद्धारमैया ने इस्तीफा देने से इनकार कर दिया था। सिद्धारमैया ने पार्टी नेतृत्व से कहा था कि अगर मुझे हटाया गया तो पार्टी टूटेगी, क्योंकि 50-60 विधायक मेरे साथ हटेंगे। मैं डीके शिवकुमार के नीचे काम नहीं करूंगा। कर्नाटक में मुख्यमंत्री बदलने की चर्चा 2023 से चल रही है। शिवकुमार के समर्थक विधायक कहते आ रहे हैं कि 2023 में जब कांग्रेस की सरकार बनी थी, तब मुख्यमंत्री पद के लिए 2.5-2.5 साल की डील हुई थी।



### कर्नाटक फेरबदल पर 3 दावे किए जा रहे हैं

सिद्धारमैया सुबह अपने मंत्रिमंडल के साथ ब्रेकफास्ट मीटिंग करेंगे। डीके शिवकुमार को कल कांग्रेस विधायक दल का नेता चुनाव जाएगा। कल ही कांग्रेस डीके के नेतृत्व में सरकार बनाने का दावा पेश करेगी। सिद्धारमैया गवर्नर थावरचंद गहलोत को इस्तीफा सौंपगे। बिहार में भाजपा के अपनाए फॉर्मूले की तर्ज पर सिद्धारमैया के बेटे को मंत्री पद भी दिया जा सकता है। हालांकि कांग्रेस के महासचिव रणदीप सुरजेवाला ने कहा कि अभी तक कांग्रेस विधायक दल की कोई बैठक नहीं बुलाई गई है और अब तक कोई फैसला नहीं लिया गया है।



# बच्चों की सेहत और तेज दिमाग के लिए वास्तु एक्सपर्ट से जानें टिप्स

**अगर आप चाहती हैं कि बच्चे अपने काम के लिए फोकस्ड रहें और अच्छी पढ़ाई करें तो वास्तु एक्सपर्ट नरेश सिंगल के बताए इन टिप्स को जरूर अपनाएं।**

बच्चों से घर गुलजार रहता है। बच्चों की किलकारियों से घर-आंगन में हमेशा चहल-पहल रहती है और घर में उदासीनता का नामो-निशान नहीं रहता। बच्चे किसी भी परिवार की अहम कड़ी होते हैं। बच्चे माता-पिता को जिंदगी जीने का मकसद देते हैं। बच्चों के लिए पेरेंट्स बड़े से बड़ा त्याग करने को भी तैयार रहते हैं और कितनी ही मुश्किलें उठाते हैं। पेरेंट्स हर संभव प्रयास करते हैं कि उनके बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो और उन्हें कामयाबी मिले।

बच्चों का अच्छा विकास हो, उनकी याद्दाश्त तेज रहे, वे फोकस्ड रहें और कुछ अच्छा करने के लिए इंस्पायर्ड रहें, इसके लिए बहुत जरूरी है कि बच्चों का कमरा वास्तु के अनुकूल हो। इससे बच्चों का पढ़ाई में मन लगता है। अगर घर को वास्तु के अनुसार रखा जाए तो इससे बच्चों का फोकस बना रहता है और वे ज्यादा एकाग्रता के साथ पढ़ाई करने में सफल होते हैं, जिसका नतीजा अच्छे रिजल्ट्स के रूप में सामने आता है।

बच्चोंका कमरा वास्तु के अनुसार होने से उन्हें अच्छी नींद अच्छी आती है, उनकी स्मरण शक्ति बढ़ती है और सेल्फ स्टडी में भी उनका मन लगता है। इसी का नतीजा एक्जाम में उनके अच्छे रिजल्ट के तौर पर सामने आता है। वास्तु एक्सपर्ट नरेश सिंगल आज आपको बता रहे हैं कुछ ऐसे टिप्स, जिनके जरिए आप बच्चों का कमरा वास्तु सम्मत बना सकती हैं।

## ये वास्तु टिप्स आएंगे काम

- वास्तु के अनुसार छोटे बच्चों का बेडरूम पश्चिम दिशा में बनाना चाहिए। बेटी का बेड रूम उत्तर-पश्चिम में बनाएं, वहीं लड़के के लिए उत्तर एवं पूर्व दिशा में बेडरूम बनाएं।
- बच्चों के बेडरूम का दरवाजा उत्तर या पूर्व दिशा में हो और जहां तक हो सके दरवाजा एक ही लगाएं।
- कमरे में खिड़कियां दरवाजे की विपरीत दिशा में हों। खिड़की अगर पश्चिमी दीवार पर हो, तो वह उत्तर व पूर्व की दीवार में बनी खिड़की की तुलना में छोटी होनी चाहिए।
- फर्नीचर दीवार से सटाकर नहीं, बल्कि कुछ इंच की दूरी पर रखें।
- बेड दक्षिण दिशा में रखना चाहिए। बेड के चारों ओर थोडा-सा खुला स्थान छोड़ें। अगर यह संभव न हो तो बेड को दक्षिण-पश्चिमी कोने में अथवा दक्षिणी या पश्चिमी कोने में रख सकते हैं।
- सोते समय बच्चों को अपना सिर पूर्व की ओर रखना चाहिए। इससे उनकी स्मरण-शक्ति बढ़ती है।
- अलमारी या कैबिनेट को कमरे में दक्षिणी या पश्चिमी हिस्से में रखें।
- कंप्यूटर और टेलिविजन बच्चों के कमरे में नहीं रखने चाहिए। अगर रखें तो टेलीविजन दक्षिण-पूर्व में जबकि कंप्यूटर पूर्वी दिशा में लगाएं।
- बच्चों के बेड रूम में एलसीडी मोनिटर नहीं लगाना चाहिए। एलसीडी मॉनिटर में लगा शीशा नकारात्मक ऊर्जा का संवाहक बनता है, इसीलिए वह बच्चों के बेड रूम के लिए ठीक नहीं है।
- कमरे में अगर स्टडी टेबल रखनी हो तो उसे दक्षिण दिशा में रखें, जिससे अध्ययन के दौरान बच्चे का मुख उत्तर, पूर्व अथवा उत्तर-पूर्व में रहे। इससे वे पढ़ाई में एकाग्रचित होंगे।
- बच्चों के कक्ष में प्रकाश के लिए लाइट दक्षिण-पूर्व में लगाएं। ध्यान रखें कि बच्चों के कमरे में स्पॉट लाइट या तेज रोशनी वाली लाइट्स न हों। यह मानसिक तनाव का कारण बनती हैं।
- बच्चों के कमरे में हरा रंग सबसे बेहतर होता है। यह रंग ताजगी और शांति प्रदान करता है।
- इन उपायों को अपनाएं और कुछ ही दिनों में आपको अपने बच्चों में सकारात्मक बदलाव नजर आने लगेगा।

दरअसल बच्चों का कमरा वास्तु सम्मत होने से उन्हें ज्यादा से ज्यादा पॉजिटिव एनर्जी मिलती है, जिसका उन पर काफी अच्छा प्रभाव पड़ता है। और नतीजा ये होता है कि बच्चों की छोटी-छोटी चीजों के लिए आपको परेशान होने की जरूरत नहीं पड़ती, बल्कि बच्चे खुद अपनी चीजों के लिए सजग हो जाते हैं।



**शरारती बच्चे को संभालना काफी ज्यादा मुश्किल होता है। इस तरह के बच्चे पैरेंट्स के लिए सिरदर्द से कम नहीं होते हैं। बच्चे की इन हरकतों को सुधारने के लिए आप इन बातों को अपना सकते हैं।**

# इन बातों को अपनाकर शरारती बच्चों को बना सकते हैं समझदार

बच्चों की शरारत दूसरों को काफी अच्छी लगती है लेकिन पैरेंट्स अक्सर ऐसे शरारती बच्चे से परेशान रहते हैं। अगर बच्चे की मांग पूरी न होने पर बच्चा इधर-उधर भागता है और चिल्लाता है या रोता-चिल्लाता है, तो आप अपना आपा खो सकते हैं और उसे डांट सकते हैं। आप यह भी सोच सकते हैं कि आपने ऐसा क्या गलत किया जिसका रिजल्ट आपके बच्चे का ऐसा व्यवहार हुआ। बच्चे को समझदार बनाने के लिए आप कुछ टिप्स को अपना सकते हैं।

## लिमिट करें फिक्स

आपका बच्चा जो कुछ भी कहता है उसे स्वीकार न करें। बच्चे के लिए लिमिट फिक्स करें और यह तय करने की जिम्मेदारी न लें। थोड़ा स्ट्रिक्ट रहें लेकिन सॉफ्ट रहें।

## स्क्रीन टाइम करें फिक्स

अगर बच्चा बिना किसी लिमिट के लगातार कार्टून देखता है तो उसका व्यवहार थोड़ा शरारती हो सकता है। इसलिए इस बात की सीमा निर्धारित करें कि आपका बच्चा कितनी देर तक टीवी देख सकता है या फोन में गेम खेल सकता है।

## चिल्लाने से बचें

अपना आपा न खोएं और अपने बच्चे पर चिल्लाने से बचें, यह उल्टा है क्योंकि इससे वह कुछ समय के लिए अपने नखरे बंद कर देगा, लेकिन वह आगे जाकर आपकी नकल करना भी सीख जाएगा।

## रोजाना का रूटीन करें सेट

जब आपके बच्चे की स्कूल से छुट्टियां हों, तो उसके लिए एक रूटीन करें सेट। सोने और खाने के रूटीन भी सेट करें।

## अपने बच्चे पर अपना गुस्सा न निकालें

जब आपका मूड खराब हो, और आपका बच्चा ठीक से व्यवहार नहीं कर रहा हो, तो अपने गुस्से को उस पर न निकालें। शांत रहें और बच्चे को आराम से संभालें। आपका शांत व्यवहार आपका बच्चा नोट करेगा और वह केवल आपको देखकर गुस्से के क्षणों में शांत रहना सीखेगा।

## स्थिर रहो

हर दिन अपने बच्चों के साथ अलग व्यवहार न करें। अगप एक दिन आप अपने बच्चे के प्रति दृढ़ हैं और अगले दिन उदार हैं, तो वह आपको गंभीरता से नहीं लेगा। ऐसे में नियमों को स्थापित करने और उनका पालन करें।



# बुरे पैरेंट की कैटेगरी में लाकर खड़ा कर देती हैं आपकी ये गलतियां

**हर माता-पिता का यह सपना होता है कि उनके बच्चे को जीवन में उनसे ज्यादा कामयाबी और खुशियां मिलें। उनके बच्चे का जीवन उनसे कहीं ज्यादा सुंदर और उज्जवल बने। पर ऐसा करते और सोचते समय कई बार जाने-अनजाने में ये संकेत करते हैं इशारा कि आप कर रहे हैं है बुरी पैरेंटिंग**

हर माता-पिता का यह सपना होता है कि उनके बच्चे को जीवन में उनसे ज्यादा कामयाबी और खुशियां मिलें। उनके बच्चे का जीवन उनसे कहीं ज्यादा सुंदर और उज्जवल बने। पर ऐसा करते और सोचते समय कई बार जाने-अनजाने में माता-पिता कुछ ऐसी गलतियां कर बैठते हैं जो उन्हें अच्छे नहीं बुरे पैरेंट की कैटेगरी में लाकर खड़ा कर देती हैं। आइए, पैरेंटिंग से जुड़ी ऐसी ही उन गलतियों के बारे में जानते हैं।

## बच्चे से जरूरत से ज़्यादा लगाव

जब आपका बच्चा खुद का ध्यान रखने लायक हो जाए तो उसे उसके हमउम्र दोस्तों के साथ छोड़ देना चाहिए, ताकि उसका सही तरीके से विकास हो सके। अगर आप अपनी लाइफ को बच्चे के इर्द-गिर्द ही समेटकर रखेंगी तो भले ही आपको यह उसकी परवाह लगे पर एक समय के बाद आपकी हर पल की मौजूदगी बच्चे को अखरने लगेगी और आप एक बुरे अभिभावक बन जाएंगे।

बाहर का गुस्सा बच्चे पर न निकालें अगर आप भी दूसरों का गुस्सा अपने बच्चे पर निकालते हैं तो सतर्क हो जाएं। ऐसा करके आप बहुत बड़ी गलती कर रहे हैं। आपके ऐसा हर बार करने से बच्चे के मन में आपके लिए कोई सम्मान नहीं रह जाएगा। वह आपसे प्रेम करने की जगह आपसे डरने या नफरत करने लगेगा।

## बच्चे को अपने ऊपर निर्भर रखना

अगर आपका बच्चा छोटी से छोटी बात के लिए आप पर ही निर्भर रहता है तो यह बहुत ही बुरा संकेत है। अगर आप अपने बच्चे से जुड़ा हर फैसला खुद ही लेते हैं, जैसे वह क्या करें, क्या नहीं करें, यहां तक कि किससे दोस्ती करनी चाहिए और किससे नहीं यह भी बताते हैं। तो आप एक गलत ट्रेंड सेट कर रहे हैं। आपके हमेशा अपने बच्चे की बात सुनकर उसे ही खुद अपने फैसले लेने के लिए प्रेरित करना चाहिए।

## दूसरे बच्चों के साथ तुलना करना

कई बार माता-पिता दूसरे बच्चे से तुलना करके अपने बच्चे को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं, पर ऐसा करते समय वो कई बार अपनी बातचीत को नकारात्मकता से भर देते हैं। दरअसल दूसरे बच्चों से अपने बच्चे की तुलना करके आप उस पर बेवजह का दबाव डालते हैं, आप अपने बच्चे की उलब्धियों की कदर नहीं करते हैं। जिससे आपका बच्चा खुद को दूसरों से कमतर समझने लगता है।

# हाथ धोते समय बच्चे अक्सर करते हैं ये 3 बड़ी गलतियां

**बात जब पर्सनल हाइजीन की होती है तो सबसे पहला जिक्र धुले हुए साफ हाथों का किया जाता है। साफ हाथ व्यक्ति को वायरस, बैक्टीरिया और तरह-तरह के संक्रमण से बचाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पर क्या हाथ धोते समय बच्चे अक्सर करते हैं ये 3 बड़ी गलतियां**

बात जब पर्सनल हाइजीन की होती है तो सबसे पहला जिक्र धुले हुए साफ हाथों का किया जाता है। साफ हाथ व्यक्ति को वायरस, बैक्टीरिया और तरह-तरह के संक्रमण से बचाए रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। पर क्या आप जानते हैं ज्यादातर बच्चे हाथ धोते समय कौन सी 3 बड़ी गलतियां कर बैठते हैं, जिसकी वजह से वो बार-बार बीमार पड़ जाते हैं। आइए जानते हैं।

## साबुन यूज न करना

बच्चे स्वभाव से बेहद चंचल होते हैं। यही वजह है कि उन्हें हर काम को करने की जल्दबाजी रहती है। ऐसे में जब उन्हें हाथ धोने के लिए कहा जाता है तो वो साबुन का इस्तेमाल करने से बचते हैं और सादे पानी से ही हाथ धो लेते हैं। जो की गलत है। पानी से हाथ धोने से हाथ साफ तो नजर आते हैं, लेकिन वास्तव में यह क्लीन नहीं होते। वहीं, साबुन एक रासायनिक प्रतिक्रिया बनाता है जो एक बार झाग बनाने के बाद कीटाणुओं को धो देता है।

## जल्दी-जल्दी हाथ धोना

बच्चों को हर काम की जल्दी रहती है फिर चाहे बात हाथ धोने की ही क्यों न हो। यह कॉमन मिसटेक ज्यादातर बच्चे करते हैं। बच्चे हाथों में साबुन लेकर उसे तुरंत ही पानी से धो देते हैं। जल्दबाजी में धोए गए हाथों से कीटाणु पूरी तरह साफ नहीं होते हैं। हमेशा बच्चों के हाथ धुलवाते समय यह सुनिश्चित करें कि बच्चे कम से कम 30 सेकंड तक हाथ अवश्य धोएं।

## गंदी जगहों को छूना

कई बार ऐसा होता है कि बच्चे हाथ तो धोते हैं, लेकिन उसके बाद वह गीले हाथों से ही गंदे दरवाजों या किसी अन्य जगहों को टच करते हैं। नम वातावरण बैक्टीरिया के जीवित रहने के लिए एक आदर्श स्थान है। जिसका अर्थ है कि गीले हाथ बैक्टीरिया के बढ़ने की अधिक संभावना पैदा करते हैं। इसलिए बच्चों के हाथ धोते ही उन्हें अच्छी तरह तौलिए से पोंछकर सुखा लें।

## हाथ धोने का सही तरीका

सबसे पहले सीधे हाथ पर साबुन लगाकर रगड़ें। इसके बाद बाद उल्टे हाथ, नाखून, अंगूठा व कलाई को ठीक से साफ करें। इस तरह हाथों को धोने से 90 फीसदी बीमारियों से बच सकते हैं। सही तरह से हाथ धुलने से कोरोना, टाइफाइड, पेट, त्वचा संबंधी रोग, आंख के संक्रमण आदि से भी बचा जा सकता है। हमेशा बच्चों के हाथ धुलवाते समय यह सुनिश्चित करें कि बच्चे कम से कम 30 सेकंड तक हाथ अवश्य धोएं।





# आँखों की साइज़ और बनावट को ध्यान में रख कर करें आय-मेकअप

**आय मेकअप हमेशा से ही ट्रेंडिंग रहा है। ज़माना सत्तर का हो या फिर साल 2023 आय-मेकअप बदला ज़रूर है मगर ख़त्म नहीं हुआ है। हर तरह की आँखों के लिए अलग आय-मेकअप होता है और आँखें आपके मेकअप का सबसे ज़रूरी पार्ट होता है, जिसे शायद ही कोई लड़की इग्नोर करती है लेकिन, आँखों के मेकअप के लिए सही तरीका हर किसी को नहीं पता। आपको बता दें कि आँखों की लेंस के रंग के हिसाब से भी मेकअप को एडजस्ट किया जाता है। वही आँखों की साइज़ और बनावट को भी आय-मेकअप करते हुए ध्यान में रखा जाता है।**

बॉलीवुड फ़िल्मों की खूबसूरत अभिनेत्रियों में से एक काजल अग्रवाल की आखें बड़ी-बड़ी और बहुत खूबसूरत हैं। काजल ने कहा कि वो अपना मेकअप करना खुद पसंद करती हैं मगर बिजी शेड्यूल की वजह से वो हमेशा ऐसा नहीं कर पाती। मेकअप को लेकर अपने इंटरेस्ट को उन्होंने यूं ही मन में नहीं रखा बल्कि कुछ-कुछ टिप्स वो अपने मेकअप आर्टिस्ट से अक्सर लेती रहती हैं। काजल ने बताया कि ऐसी ही एक इम्पोर्टेन्ट टिप उन्हें मिला है उनकी बड़ी आँखों के लिए। उन्हें पता चला है कि बड़ी आँखों को छोटा दिखाने के लिए और ज्यादा खूबसूरत दिखाने के लिए आपको कुछ टिप्स को फॉलो करना चाहिए। और ये टिप्स काजल ने हमारे साथ भी शेयर किये हैं।

## आयब्रोज़ का गहरा होना है ज़रूरी

काजल ने बताया कि हम हमेशा अपने आयब्रोज़ को इग्नोर करते हैं जो हमें नहीं करना चाहिए। बड़ी आँखों के लिए आयब्रोज़ का गहरा और डार्क होना बहुत ज़रूरी है। इस वजह से चेहरे पर सिर्फ आपकी आखें ही नहीं आपका फोरहेड भी खिलकर सामने आएगा। आयब्रोज़ को गहरा हो डार्क करने के लिए आप आयब्रो पेंसिल का इस्तेमाल कर सकते हैं इसके अलावा आप रोज़ाना रात को कोकोनट ऑइल से आयब्रोज़ पर मसाज करें। काजल ने कहा।

## डार्क आई शेडोज़ हैं आपके बेस्ट फ्रेंड

काजल का कहना है कि अगर आपकी आखें बड़ी हैं और आप उन्हें छोटी दिखाना चाहते हैं तो डार्क आय शेडोज़ आपके बेट्स फ्रेंड्स हैं। काजल ने कहा, डार्क आय शेडोज़ को आप आयलिड के कार्नर पर ज्यादा अप्लाय ना करें, इसे आयलिड के सेंटर पर अप्लाय करें। डार्क शेड्स का इस्तेमाल रात को ही करें, दिन में अपनी आँखों को छोटा दिखाने के लिए आप आउटर आयलिड को डार्क कलर का टच दे सकते हैं।

## आय-लाइनर को अपनाएं

70% और 80% के ज़माने में जैसे अभिनेत्रियाँ आँखों की कोरों को लम्बा कर लेती थीं उन्हें आज एक नाम मिल गया है और वो है आय-लाइनर! काजल ने इस बारे में बात करते हुए कहा कि स्टाइल में आय-लाइनर लगाना भी बड़ी आँखों के लिए बहुत अच्छा होता है। क्यूंकि बड़ी आँखें अक्सर गोल होती हैं तो, आयलाइनर से सजाने से उन्हें हल्की लम्बाई मिलती है और आँखें लम्बी दिखाई देती हैं। इससे आपको कैट आय का लुक भी मिलता है। अच्छी बात यह है कि इसका फैशन हमेशा ट्रेंड में रहा है।

## लोअर लैशेज़ पर लगाएं मस्कारा

बड़ी आँखों वालों को इस बात का ध्यान रखना चाहिये कि मस्कारा उनके लोअर आय-लैशेज़ के लिए ही बना है। बड़ी आँखों को छोटा दिखाने एक लिए मैं मस्कारा को हमेशा अपने लोअर आय-लैशेज़ पर लगाती हूँ। ऊपर वाले आय-लैशेज़ पर मस्कारा लगाने से आँखें और भी बड़ी लगती हैं। काजल ने कहा। काजल ने बताया कि वो कई बार अपनी आँखों पर मस्कारा अवॉयड भी करती हैं।

## काजल भी होना चाहिए डार्क

काजल ने बताया कि बड़ी आँखों के लिए डार्क काजल का इस्तेमाल करना चाहिए। मैं डार्क और मोटी लाइन्स के काजल आँखों के इनर लाइन्स पर लगती हूँ, जिससे आँखों के बॉर्डर डार्क हो जाते हैं और आँखें छोटी नज़र आती हैं। काजल ने कहा। काजल ने बताया कि ट्रेंड की बात की जाए तो आजकल व्हाइट और तरह-तरह के रंग के काजल और आय-लाइनर का फैशन है, मगर उन्हें अफ़सोस है कि बड़ी आँखों के लिए वो इनका इस्तेमाल नहीं कर सकतीं।



राष्ट्रबाण
सिवनी, गुरुवार 28 मई 2026

बालाघाट राष्ट्रबाण

● बैहर ● बिरसा ● कटंगी ● तिरोड़ी ● कटंगी ● खैरलांजी ● किरनापुर ● लालबर्रा ● लांजी ● परसवाड़ा ● वारासिवनी

# अवैध खनन रोकने किए गए प्रयासों को मुख्य सचिव ने सराहा, दिए निर्देश

## मुख्य सचिव अनुराग जैन ने वीडियों कांफ्रेंस में दिए निर्देश

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in

**मध्यप्रदेश** के मुख्य सचिव अनुराग जैन ने 27 मई को प्रदेश के सभी 55 जिलों में कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक की वीडियों कांफ्रेंस के माध्यम से बैठक लेकर शासकीय योजनाओं, कार्यक्रमों, विकासकार्यों एवं कानून ठे यवस्था की स्थिति की समीक्षा की और आवश्े यक दिशा निर्देश दिये। इस वीडियों कांफ्रेंस में कलेक्टर मृणाल मीना, पुलिस अधीक्षक आदित्य मिश्रा, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ, वनमण्डलाधिकारी नित्यनंदम एल, अपर कलेक्टर जीएस धुर्वे, डीपी बर्मन एवं सभी विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

**लोक सेवा गारंटी एवं सीएम हेल्पलाइन के त्वरित निराकरण के निर्देशः** मुख्य सचिव श्री जैन ने वीडियों कांफ्रेंस में कहा कि लोक सेवा गारण्टी, जनसुनवाई एवं सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों का तत्परता के साथ निराकरण किया जाए। इनके निराकरण में प्रशासन की संवेदनशीलता नजर आना चाहिए। सडक दुर्घटनाओं के घायलों के उपचार के लिए पीएम राहत योजना में उत्कृष्ट कार्य के लिए बालाघाट जिला प्रशासन की सराहना की गई।

**पेयजल व्यवस्था एवं जल स्रोतों के रखरखाव पर विशेष ध्यान, अमृत-2.0, स्वच्छता एवं आपदा प्रबंधन की हुई समीक्षा**

मुख्य सचिव श्री जैन ने ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में पेयजल प्रदाय ठे यवस्था पर कडी निगरानी रखने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि आमजन को पेयजल की समस्या नही होना चाहिए। इसके लिए जल स्त्रोत एवं हैंडपंपों के रखरखाव पर विशेष ध्‍ यान देने कहा गया। वीडियों कांफ्रेंस में नगरीय निकाय की अमृत-2.0, स्वच्छता सर्वेक्षण, कचरा प्रबंधन, जल गंगा संवर्धन अभियान, राजस्‍ व विभाग के नामांतरण, बटवारा, सीमांकन, लोकसेवा गारण्‍ टी, जनसुनवाई, सीएम हेल्‍ पलाइन के प्रकरणों एवं वर्षा ऋतु के पूर्व बाढ आपदा प्रबंधन के लिए की जा रही तैयारियों की समीक्षा की गई। श्रमयोगी मानधन योजना में अधिक से अधिक श्रमिकों का पंजीयन कराने के निर्देश दिये गए। समर्थन मूल्‍ य पर गेहूँ खरीदी की समीक्षा के दौरान गेहूँ विक्रय करने वाले किसानों को शीघ्रता से भुगतान करने कहा गया।

### जननी सुरक्षा एवं प्रसूति सहायता योजनाओं की समीक्षा



बैठक में सबसे पहले स्वास्थ्य विभाग की जननी सुरक्षा योजना एवं प्रसुति सहायता योजना की सहायता राशि वितरण की समीक्षा की गई। इस दौरान निर्देशित किया गया कि इन दोनो योजनाओं के हितग्राहियों को राशि का शीघ्र वितरण किया जाए और कोई भी पात्र हितग्राही महिला इन योजनाओं के लाभ से वंचित नही रहना चाहिए। बैठक में बताया गया कि इन योजनाओं में सहायता राशि वितरण के प्रकरण अनावश्‍ यक रूप से लंबित है और सीएम हेल्‍ पलाईन में भी इस संबंध में प्रकरण दर्ज कराये गए है। अतः इन प्रकरणों का शीघ्रता से निराकरण किया जाए।

### किसानों को ई-विकास पोर्टल से उर्वरक वितरण

बैठक में किसानों को ई-विकास पोर्टल के माध्यम से उर्वरक वितरण के निर्देश दिये गए। इसके लिए सभी किसानों की फार्मर रजिस्ट्री अनिवार्य रूप से बनाने के निर्देश दिये गए। ई-टोकन के माध्यम से उर्वरक वितरण व्यवस्थित तरीके से हो रहा है और किसानों को उर्वरक के लिए लाइन लगाने की जरूरत नही पड रही है। खरीफ फसलों के लिए प्रदेश में उर्वरक का पर्याप्त भण्डारण कर लिया गया है और उर्वरक की कमी नही है।

### तालाब, पीएमएफएमई एवं पशुपालन योजनाओं पर जोर

बैठक में बलराम तालाब, नरवाई प्रबंधन की समीक्षा की गई और पीएमएफएमई योजना के अंतर्गत उद्यानिकी विभाग के अधिकारियों को फूड प्रोसेसिंग यूनिट लगाने पर विशेष ध्‍ यान देने के निर्देश दिये गए। पशुपालन विभाग को क्षीरधारा एवं कामधेनु योजना में लक्ष्‍ य के अनुरूप ऋण प्रकरण तैयार करने तथा पशुओ का 100 प्रतिशत टीकाकरण सुनिश्चित करने कहा गया। मत्‍स्‍ यपालन के लिए बडे जलाशयों में लक्ष्‍ य के अनुरूप केज कल्‍ चर लगाने के निर्देश दिये गए।

### पीएम राहत योजना एवं अवैध खनन पर सख्ती

मुख्य सचिव श्री जैन ने कहा कि पीएम राहत योजना का सभी जिलों में प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए। खनिज के अवैध खनन एवं परिवहन की रोकथाम के लिए बालाघाट जिले में अच्छी उपलब्धि के लिए सराहना की गई। मुख्य सचिव श्री जैन ने 26 मई को लालबर्रा तहसील के ग्राम पलाकामठी में खनिज माफिया द्वारा पुलिस जवान पर ट्रेक्टर चढाने की घटना का उल्लेख करते हुए कहा कि इसमें शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्‍ शा न जाए और उनके खिलाफ शासकीय कार्य में बाधा डालने और हत्या करने का प्रयास का प्रकरण दर्ज किया जाए।

# चूहामार पाउडर खाने से युवक की मौत

## अस्पताल से छुट्टी के बाद फिर बिगड़ी तबीयत, 10 दिन में 3 जगह हुआ इलाज

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in



**चूहामार** पाउडर खाने से एक युवक की जिला अस्पताल में मौत हो गई। अस्पताल चौकी पुलिस ने शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार, प्रिंस लिल्हारे को 16 मई को चूहामार दवा खाने के बाद गंभीर हालत में जिला अस्पताल लाया गया था। परिजनों, जिनमें अजय लिल्हारे भी शामिल हैं, ने आरोप लगाया है कि दो दिन के उपचार के बाद उसे अस्पताल से छुट्टी दे दी गई थी, जबकि उसकी हालत पूरी तरह ठीक नहीं थी।

घर ले जाने के एक दिन बाद प्रिंस की तबीयत फिर बिगड़ गई, जिसके बाद उसे शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां से डॉक्टरों की सलाह पर उसे नागपुर एम्स ले जाया गया। एम्स में दो दिन के उपचार के बाद भी सुधार न होने पर उसे नागपुर के ही एक निजी क्लिनिक में भर्ती कराया गया। हालांकि, वहां भी हालत में कोई सुधार नहीं हुआ और डॉक्टरों ने प्रिंस को घर ले जाने की सलाह दी।

इसके बाद परिजन 26 मई को प्रिंस को वापस जिला अस्पताल बालाघाट लेकर आए। यहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। प्रिंस लगभग 10 दिनों तक शरीर में फैले जहर से जूझता रहा, लेकिन अंततः वह जिंदगी की जंग हार गया।

### सिविल सर्जन ने किया आरोप का खंडन

इस मामले पर सिविल सर्जन ने बताया कि दो दिन के उपचार के बाद परिजन प्रिंस लिल्हारे को अपनी मर्जी से घर ले गए थे। डॉक्टरों ने परिजनों को उसकी हालत गंभीर होने की जानकारी दी थी। नागपुर से वापस लाए जाने पर पता चला कि उसके शरीर में रेड किलिंग पाउडर का जहर काफी फैल चुका था, जिससे उसकी मौत हो गई। सिविल सर्जन ने यह भी बताया कि यह कोई पहला मामला नहीं है। ऐसे कई प्रकरण सामने आते हैं, जब मरीज या उनके परिजन बिना बताए या अपनी मर्जी से अस्पताल से छुट्टी कराकर चले जाते हैं।

# बालाघाट में अतिक्रमण हटाने गई टीम को लौटना पड़ा

## महिलाओं ने जेसीबी के सामने विरोध कर कार्रवाई रोकी

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in





**बालाघाट** में पॉवर हाउस मार्ग पर वर्षो से रह रहे 62 परिवारों का अतिक्रमण हटाने पहुंची प्रशासनिक टीम को विरोध के कारण बैरंग लौटना पड़ा। महिलाएं जेसीबी के सामने खड़ी हो गई और कार्रवाई का विरोध किया। इस दौरान महिलाओं और एसडीएम के बीच तीखी बहस भी हुई।

यह मामला पॉवर हाउस मार्ग पर स्थित शासकीय भूमि का है, जहां लगभग 62 परिवार वर्षों से मकान बनाकर रह रहे हैं। स्थानीय निवासी रेवतनबाई ने बताया कि जब उन्होंने यहां मकान बनाए थे, तब किसी ने आपत्ति नहीं की थी। अब जब उन्होंने अपनी जमा पूंजी से घर बनाए हैं, तो प्रशासन उन्हें तोड़ना चाहता है। उन्होंने मांग की कि प्रशासन उन्हें वैकल्पिक जमीन या आवास उपलब्ध कराए, या फिर इसी जगह का पट्टा दे।

एक अन्य निवासी अखिलेश मरकाम ने आरोप लगाया कि जनप्रतिनिधि चुनाव में वोट लेने के बाद अब उनकी समस्या पर मौन हैं। उन्होंने कहा कि सांसद और विधायक कोई भी उनकी सुध लेने नहीं आ रहा है, और प्रशासन की यह कार्रवाई गरीबों के साथ अन्याय है। एसडीएम गोपाल सोनी ने बताया कि यह भूमि शासकीय है और इसे तहसील भवन के लिए चिन्हित किया गया है। उन्होंने कहा कि प्रशासन एक साल से इस अतिक्रमण को हटाने का प्रयास कर रहा है, ताकि परियोजना का काम पूरा हो सके, जिसके लिए राशि भी आ चुकी है। सोनी के अनुसार, अतिक्रमणकारियों को चार बार बेदखली के आदेश दिए जा चुके हैं, लेकिन उन्होंने अतिक्रमण नहीं हटाया।

एसडीएम ने बताया कि जब टीम अतिक्रमण हटाने पहुंची तो महिलाओं ने विरोध शुरू कर दिया, जिसके बाद उन्हें एक दिन का अतिरिक्त समय दिया गया है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि अतिक्रमण नहीं हटाया गया, तो कानूनी कार्रवाई कर इसे हटाया जाएगा। बुधवार को प्रशासनिक और पुलिस बल जेसीबी मशीन के साथ अतिक्रमण हटाने पहुंचा था। वहां उन्हें अतिक्रमणकारियों के भारी विरोध का सामना करना पड़ा। महिलाओं ने अपने घर खाली करने से साफ इनकार कर दिया और कार्रवाई रोकने के लिए जेसीबी के आगे खड़ी हो गईं। उन्होंने कहा कि भले ही उनकी जान चली जाए, वे अपना आशियाना खाली नहीं करेंगी। बढ़ते विरोध को देखते हुए एसडीएम ने इन्हें समझाईश देने का प्रयास किया, जिसके चलते काफी समय तक एसडीएम और अतिक्रमणकारियों के बीच नोंकझोंक भी देखने को मिली।

# बालाघाट में रबी धान का अवैध परिवहन

## उड़नदस्ता ने महाराष्ट्र जा रहे तीन ट्रक पकड़े ; 38 हजार का जुर्माना

**बालाघाट।** बालाघाट जिले में रबी धान के अवैध परिवहन पर कार्रवाई की गई है। कृषि उपज मंडी बालाघाट के उड़नदस्ता दल ने मंगलवार रात ग्राम भटेरा रोड पर तीन ट्रकों को पकड़ा। ये ट्रक बिना मंडी और निराश्रित टैक्स चुकाए धान को महाराष्ट्र ले जा रहे थे। इस साल जिले में किसानों ने बड़ी मात्रा में रबी धान की फसल लगाई थी। व्यापारी इसे मंडियों में खरीद रहे हैं, वहीं कुछ बिचौलिए किसानों से धान खरीदकर चोरी-छिपे महाराष्ट्र भेज रहे हैं। रबी धान की अधिक आवक के कारण बिना मंडी टैक्स चुकाए बड़ी मात्रा में धान का परिवहन महाराष्ट्र की ओर हो रहा है।

अवैध परिवहन की सूचना मिलने पर मंडी उड़नदस्ता टीम ने कार्रवाई की। टीम ने तीनों ट्रकों से मंडी टैक्स चोरी के आरोप में कुल 38,059 रुपए का जुर्माना वसूला। मंडी सचिव भानेश्वर तुरकर ने बताया कि सूचना के आधार पर यह कार्रवाई की गई है। वसूले गए जुर्माने की राशि को शासन के खाते में जमा करा दिया गया है।

# 31 मई से शुरू होगा बालाघाट-गर्रा रोड ओव्हर ब्रिज पर यातायात

## रेलवे फाटक स्थायी रूप से होगा बंद, अब नए आरओबी से गुजरेंगे सभी वाहन

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in

**बालाघाट-वारासिवनी** मुख्य मार्ग पर वैनगंगा नदी पुल के पहले निर्मित रोड ओव्हर ब्रिज (आरओबी) से 31 मई 2026 से यातायात शुरू किया जाएगा। इसके साथ ही रेलवे की मानवयुक्त लेवल क्रॉसिंग क्रमांक बीके-09, किलोमीटर 1048/0-1 को स्थायी रूप से बंद कर दिया जाएगा। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, नागपुर मंडल के उप मुख्य अभियंता द्वारा जारी सूचना के अनुसार 31 मई 2026 को प्रातः 10 बजे से उक्त रेलवे फाटक सभी प्रकार के सड़क यातायात के लिए हमेशा के लिए बंद कर दिया जायेगा। इसके बाद बालाघाट-गर्रा एवं वारासिवनी मार्ग से आने-जाने वाले छोटे-बड़े सभी वाहनों का आवागमन नव निर्मित रोड ओव्हर ब्रिज से कराया जाएगा।

रोड ओव्हर ब्रिज शुरू होने से लंबे समय से लोगों को होने वाली परेशानी से राहत मिलने की उम्मीद है। पहले ट्रेन गुजरने के दौरान रेलवे फाटक बंद रहने से दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग जाती थी, जिससे यात्रियों और स्थानीय नागरिकों को काफी समय तक इंतजार करना पड़ता था। अब आरओबी बनने से यातायात अधिक सुगम, सुरक्षित और तेज हो जाएगा।

आरओबी निर्माण के दौरान बस, ट्रक एवं अन्य बड़े वाहनों का यातायात डेंजर रोड से डायवर्ट किया गया था। इससे भारी वाहनों को शहर में प्रवेश और बाहर निकलने में अतिरिक्त दूरी तय करनी पड़ती थी। अब रोड ओव्हर ब्रिज शुरू होने के बाद बड़े वाहनों को डेंजर रोड से होकर आने-जाने की आवश्यकता नहीं होगी। बस, ट्रक और अन्य भारी वाहन सीधे रोड ओव्हर ब्रिज के माध्यम से बालाघाट शहर में प्रवेश कर सकेंगे तथा बाहर जा सकेंगे, जिससे समय और ईंधन दोनों की बचत होगी। स्थानीय नागरिकों और वाहन चालकों ने इस निर्णय का स्वागत किया है। लोगों का कहना है कि आरओबी शुरू होने से शहर और आसपास के क्षेत्रों के बीच आवागमन में सुविधा बढ़ेगी तथा दुर्घटनाओं की संभावना भी कम होगी। प्रशासन और रेलवे विभाग ने वाहन चालकों से अपील की है कि 31 मई के बाद पुराने रेलवे फाटक मार्ग का उपयोग न करें तथा निर्धारित डायवर्ट मार्ग एवं यातायात संकेतों का पालन करें, ताकि यातायात व्यवस्था सुचारु बनी रहे।

### जबलपुर में 18 जून को होगी पूर्व सैनिकों की राज्य स्तरीय रैली

बालाघाट। पूर्व सैनिकों की राज्य स्तरीय रैली 18 जून को जबलपुर में आयोजित की जायेगी। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी सेवा सेवा निवृत्त ग्रुप कैप्टन अमिताभ रावत से प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व सैनिकों, सैनिकों की विधवा एवं वीर नारियों के हित में आयोजित की जा रही यह रैली 1 एसटीसी के पास बत्रा ऑडिटोरियम में सुबह 9.45 बजे से शाम 4 बजे तक होगी। जिला सैनिक कल्याण कार्यालय द्वारा सभी पूर्व सैनिकों, उनकी विधवाओं एवं वीर नारियों से अनुरोध किया गया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में अपने पहचान पत्र के साथ रैली में उपस्थित होकर इसे सफल बनाएं।

# यूनिवर्सिटी के टीचर की सड़क हादसे में मौत

## ट्रक ने गाड़ी को मारी थी टक्कर, परिजनों ने हत्या की जताई आशंका

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in

**बालाघाट** में मंगलवार देर शाम हुए सड़क हादसे में सरदार पटेल यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर पुष्पम सोनी की मौत हो गई। बुधवार को जिला अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया। अस्पताल चौकी पुलिस ने परिजनों की मौजूदगी में पंचनामा कार्रवाई पूरी की।

जानकारी के अनुसार हादसा एक पूर्व मंत्री से जुड़े पेट्रोल पंप के पास हुआ। बताया जा रहा है कि एक ट्रक ने प्रोफेसर की गाड़ी को टक्कर मार दी थी।

### माइनिंग विभाग में थे प्रोफेसर



पुष्पम सोनी मूल रूप से कटंगी के जाम निवासी थे। वे बालाघाट में रहकर सरदार पटेल यूनिवर्सिटी के माइनिंग विभाग में प्रोफेसर के पद पर कार्यरत थे। यूनिवर्सिटी ने भी उनके पद की पुष्टि की है। परिजनों ने बताया कि पुष्पम परिवार के मुख्य सहारा थे। उनकी मौत के बाद परिवार गहरे सदमे में है।

**दोस्तों ने अस्पताल पहुंचाया**

प्रोफेसर के चाचा संजय सोनी ने बताया कि पुष्पम रोजाना शाम तक घर लौट आते थे, लेकिन मंगलवार को उनका काम देर तक चला। देर शाम जब हादसा हुआ तो उनके दोस्तों को इसकी जानकारी मिली। वे उन्हें निजी अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इसके बाद शव को जिला अस्पताल लाया गया।

### परिजनों ने हत्या की जताई आशंका

परिजनों ने आशंका जताई है कि मामला सिर्फ सड़क हादसे का नहीं हो सकता। उन्होंने गैर इरादतन हत्या की संभावना भी जताई है। फिलहाल मामले की जांच कोतवाली पुलिस कर रही है।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को दिया गया जल गुणवत्ता जांच प्रशिक्षण

## नैतरा, कंजई और पांढरवानी सेक्टर की 82 कार्यकर्ताओं ने सीखी एफटीके से पानी जांचने की प्रक्रिया

राष्ट्रबाण बालाघाट | संवाददाता rashtrabaan.in



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग (पीएचई) उपखंड लालबर्रा द्वारा 27 मई 2026 को जनपद पंचायत लालबर्रा में महिला एवं बाल विकास विभाग के नैतरा, कंजई और पांढरवानी सेक्टर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के लिए फील्ड टेस्टिंग किट (एफटीके) प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण का संचालन ब्लॉक समन्वयक परमानंद ठाकरे द्वारा किया गया।

प्रशिक्षण में तीनों सेक्टर की आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को पेयजल गुणवत्ता जांच की जानकारी दी गई। इस दौरान 82 आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं की एफटीके यूजर आईडी भी बनाई गई। यह कार्य लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग बालाघाट से हरीश झा, शीतल मिश्रा तथा ब्लॉक समन्वयक फनीश रंगारे, श्रुति डहाटे, रानी सिंह राजपूत, परमानंद ठाकरे एवं आईएसए नई रोशनी से हिमांशु डोहरे के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं को फील्ड टेस्टिंग किट के माध्यम से पानी की गुणवत्ता जांचने का लाइव डेमो दिया गया। आंगनवाड़ी केंद्रों एवं स्कूलों से लाए गए पानी के नमूनों की मौके पर ही जांच कर यह बताया गया कि पानी में मौजूद विभिन्न तत्वों की पहचान कैसे की जाती है। प्रशिक्षण में कार्यकर्ताओं को पानी की जांच के प्रमुख मानकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई, जिनमें श्चा मान, फ्लोराइड की मात्रा, आयरन (लोहा) की मात्रा तथा पानी की कठोरता (हार्डनेस) शामिल रहे।

लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग लालबर्रा के पर्यवेक्षक सहायक यंत्री विजय तिवारी ने कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया कि वे मानसून पूर्व अपने-अपने क्षेत्रों में कुओं, हैंडपंपों एवं नल-जल योजनाओं के पानी की जांच अनिवार्य रूप से करें, ताकि जलजनित बीमारियों से बचाव किया जा सके। वहीं उपयंत्री श्री भूपेंद्र मरकाम ने निर्देश दिए कि प्रत्येक पेयजल स्रोत की वर्ष में कम से कम दो बार, मानसून से पहले और बाद में, गुणवत्ता जांच अवश्य की जाए।

